सेवा में,

प्राचार्य,

चमनलाल महाविद्यालय,

लण्ढौरा (हरिद्वार)

विषय :- अर्थशास्त्र विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज बैठक आयोजित किये जाने की अनुमति प्राप्त करने हेतु।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि अर्थशास्त्र विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक 24-07-2026 को प्रस्तावित है।

बैठक में सम्मिलित होने वाले सदस्य निम्न है -

1. डॉ. विमल कान्त तिवारी - समन्वयक
2. डॉ. रविराज सिंह - विषय विशेषज्ञ Ravirajsingh
3. डॉ. ब्रिज मोहन - " " [signature]
4.
5. पूर्णिमा गौड़ - भूतपूर्व छात्रा

उक्त विषयक अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें।

भवदीय [signature]

डॉ. विमल कान्त तिवारी

[signature]

सूचना

बोर्ड ऑफ स्टडीज (अर्थशास्त्र) के समस्त सम्मानित सदस्यों को सूचित किया जाता है कि अर्थशास्त्र विभाग की B.O.S की आवश्यक बैठक 24-07-2026 को प्रातः 11:00 बजे चमन लाल महाविद्यालय में आयोजित की जायेगी।

आप से अनुरोध है कि ससमय उपस्थित होने का कष्ट करें। प्राचार्य महोदय के आदेशानुसार बैठक का एजेण्डा निम्न प्रकार है :-

1. गत कार्यवाही की पुष्टि
2. मुख्य परीक्षा के प्रश्न-पत्रों को हल करने हेतु प्रदान किये जाने वाले समय को 02:30 घण्टे किये जाने पर विचार।
3. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं महाविद्यालय के दिशा निर्देशों के अनुरूप मुख्य परीक्षा 75 अंक एवं आन्तरिक परीक्षा में 25 अंक का मूल्यांकन लागू किये जाने पर विचार।
4. आन्तरिक परीक्षा प्रक्रिया में एक रूपता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु (15 अंक की लिखित परीक्षा, 5 अंक की उपस्थिति तथा 05 अंक अनुशासन / शैक्षिक गतिविधियों में प्रतिभाग) केन्द्रीकृत माध्यम से सम्पादित कराये जाने तथा लिखित परीक्षा हेतु मिड टर्म परीक्षा पर विचार
5. पी॰जी॰ पाठ्यक्रम में द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में लघुशोध का प्रावधान किये जाने पर विचार

डॉ॰ रवि राज सिंह
डॉ॰ ब्रिज मोहन
पूर्णिमा गौड़

भवदीय

डॉ॰ विमलकान्त तिवारी

कार्यवृत्त

आज दिनाँक 24-07-2026 को अर्थशास्त्र विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज (BOS) की आवश्यक बैठक 11:00 बजे अर्थशास्त्र विभाग में आयोजित की गई।

बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे -

1. डॉ॰ विमल कान्त तिवारी - समन्वयक -
2. डॉ॰ रवि राज सिंह - विषय विशेषज्ञ
3. डॉ॰ ब्रिज मोहन - " "
4. पूर्णिमा गौड़ - भूतपूर्व छात्रा

डॉ॰ विमल कान्त तिवारी, समन्वयक द्वारा समस्त आगन्तुक सदस्यों का स्वागत किया गया, तत्पश्चात बैठक की कार्यवाही आरम्भ की गई -

एजेण्डा बिन्दु - 01

एजेण्डा - गत कार्यवाही की पुष्टि।

विनिश्चय - दिनाँक 17-11-2025 को आयोजित बैठक की कार्यवाही को यथावत् अनुमोदित किया गया। कार्यवाही की पुष्टि की गई

एजेण्डा बिन्दु - 02

एजेण्डा - मुख्य परीक्षा के प्रश्न पत्रों को हल करने हेतु छात्रों को प्रदान किये जाने वाले समय को 02:30 घण्टे किये जाने पर विचार।

विनिश्चय : विस्तृत विचार विमर्श के उपरान्त सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि समस्त पाठ्यक्रमों में प्रश्न पत्र हल किये जाने हेतु छात्रों को 2:30 घण्टे का समय प्रदान किया जाये

एजेण्डा बिन्दु - 03.

एजेण्डा - राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं महाविद्यालय के दिशा निर्देशों के अनुरूप मुख्य परीक्षा 75 अंक

एवं आन्तरिक परीक्षा में 25 अंक मूल्यांकन लागू किये जाने पर विचार।

विनिश्चय : विस्तार पूर्वक विचार किये जाने के उपरान्त सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि व अर्थशास्त्र विभाग में संचालित सभी पाठ्यक्रमों में मुख्य परीक्षा में 75 तथा आन्तरिक परीक्षा में 25 अंकों का मूल्यांकन व्यवस्था लागू कर दिया जाये।

एजेण्डा बिन्दु - 04

एजेण्डा - आन्तरिक परीक्षा प्रक्रिया में एकरूपता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु (अंक विभाजन- लिखित परीक्षा - 15 अंक, उपस्थित - 05 अंक, अनुशासन तथा शैक्षिक गतिविधियों में प्रतिभाग - 05 अंक) केन्द्रीकृत माध्यम से कराये जाने पर विचार तथा लिखित परीक्षा हेतु मिड टर्म परीक्षा कराये जाने पर विचार।

विनिश्चय - विस्तृत विचार-विमर्श के उपरान्त निर्णय लिया गया कि आन्तरिक परीक्षा प्रक्रिया में एकरूपता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित किया जाना अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं आवश्यक है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आन्तरिक परीक्षा केन्द्रीकृत माध्यम से मिडटर्म परीक्षा के रूप में (15 अंक लिखित परीक्षा 05 अंक उपस्थिति, 05 अंक अनुशासन / शैक्षिक गतिविधियों मे प्रतिभाग) आयोजित करायी जाये।

एजेण्डा बिन्दु - 05

एजेण्डा : पी.जी. पाठ्यक्रम में द्वितीय एवं चतुर्थ समेस्टर में लघुशोध का प्रावधान किये जाने पर विचार

विनिश्चय : विस्तृत विचार - विमर्श से सर्वसम्मति से

निर्णय लिया गया कि पी.जी. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में लघुशोध का प्रावधान किया जाये तथा द्वितीय सेमेस्टर में लघु शोध का विषय निर्धारण प्रथम सेमेस्टर में तथा चतुर्थ सेमेस्टर का लघुशोध का विषय निर्धारण तृतीय सेमेस्टर में कर दिया जाए। ताकि छात्रों को शोध कार्य हेतु समुचित समय प्राप्त हो सके। प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर में लघु शोध का कार्य प्रोग्रेसिव मोड़ में रहेगा।

समिति के समस्त सदस्यों ने उक्त एजेण्डा बिन्दुओं पर गहनता पूर्वक विचार विमर्श किया एवं उक्त सभी एजेण्डा बिन्दु संख्या 01 से 04 हेतु संस्तुति प्रदान की समिति ने अर्थशास्त्र के पाठ्यक्रम का पुनरीक्षण किया। वर्तमान में पाठ्यक्रम में परिमार्जन / संशोधन की आवश्यकता प्रतीत नहीं हो रही है।

अन्त में समन्वयक के द्वारा पाठ्यक्रम निर्माण समिति के समस्त सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया, तदुपरान्त बैठक सम्पन्न हुई।

Ranjit
डॉ० रविराज सिंह

(signature)
डॉ. [illegible]

(signature)
डॉ. विमल कांत